हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

> शासन-प्रशासन को संवेदनशील व जवाबदेह बनाया जाएगा। हम बिना किसी भेदभाव के समाज के हर वर्ग के लिए काम करेंगे।
> -**योगी आदित्यनाथ**, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश

राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान ने 23 रचनाकारों को सम्मानित किया, साहित्य गौरव और नामित सम्मानों से हुआ अलंकरण

साहित्य सृजन करने वाले राज्य कर्मचारियों को मिला सम्मान

लखनऊ | **निज संवाददाता**

राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान ने रविवार को साहित्य सृजन करने वाले उन 23 रचनाकारों को साहित्यिक पुरस्कार से नवाजा, जो राज्यकर्मी से सेवानिवृत्त हो चुके हैं या फिर बतौर राज्य कर्मचारी किसी न किसी विभाग में सेवारत हैं।

इसके अलावा संस्थान और उसकी पत्रिका 'अपरिहार्य' को अपना अमूल्य योगदान देने वाले 22 रचनाकारों को साहित्य गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इस मौके पर संस्थान की पत्रिका 'अपरिहार्य' का पुरस्कार एवं सम्मान विशेषांक का लोकार्पण हुआ। लोकार्पण और पुरस्कार वितरण के बाद मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सुधीर कुमार सक्सेना ने कहा कि जो भी नामी रचनाकार हुए हैं, उनमें ज्यादातर राज्य कर्मचारी थे।

राज्य कर्मचारी साहित्य संस्था ने रविवार को रचनाकारों को सम्मानित किया

इन साहित्यकारों को मिला साहित्यिक पुरस्कारः वर्ष 2016-17 के लिए राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान ने 23 रचनाकारों को साहित्यिक पुरस्कार से सम्मानित किया। इन सभी रचनाकारों को 51-51 हजार रुपये की धनराशि के साथ ही प्रशस्तिपत्र, अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया।

सेवानिवृत्त राज्य कर्मचारियों में प्रो. नेत्रपाल सिंह को प्रताप नारायण मिश्र पुरस्कार, विनोद चंद्र पांडेय विनोद को शिव सिंह सरोज पुरस्कार, ओपी श्रीवास्तव को बालकृष्ण भट्ट पुरस्कार, राजेंद्र प्रसाद अष्ठाना 'मधुकर अष्ठाना' को महादेवी वर्मा पुरस्कार, मोहम्मद अनीस अंसारी को मीर तकी मीर पुरस्कार, सैयद असरार हुसैन 'असरार सय्यद' को जोश मलिहाबादी पुरस्कार से नवाजा गया।

सेवारत राज्य कर्मचारियों में मोहम्मद सलीम खान को शरतचंद्र चट्टोपाध्याय पुरस्कार, गुरिंदर सिंह कलसी को सुब्रह्मण्यम भारती पुरस्कार से नवाजा गया। पं. महावीर प्रसाद द्विवेदी पुरस्कार से राजीव सक्सेना, सुमित्रा नंदन पंत पुरस्कार से योगेंद्र वर्मा व्योम, भगवती चरण वर्मा पुरस्कार से डा. सुरेंद्र कुमार, भारतेंदु हरिश्चंद्र पुरस्कार से शिवमंगल सिंह, जयशंकर प्रसाद पुरस्कार से केवल प्रसाद, अमृतलाल नागर पुरस्कार से कौस्तुभ आनंद चंदोला, डा. शिवमंगल सिंह सुमन पुरस्कार से अमित कुमार मल्ल, डा. विद्यानिवास मिश्र पुरस्कार से राजेश कुमार, गयाप्रसाद शुक्ल सनेही पुरस्कार से विजय प्रसाद त्रिपाठी नवाजा गया।

श्याम सुंदर दास पुरस्कार से इंद्रासन सिंह, डा. हरिवंश राय बच्चन पुरस्कार से रामशंकर वर्मा, रामधारी सिंह दिनकर पुरस्कार से कामिनी श्रीवास्तव, मिर्जा असद उल्ला खां गालिब पुरस्कार से सै. अमजद हुसैन, फिराक गोरखपुरी पुरस्कार से मो. अली साहिल, अमीर खुसरो पुरस्कार से डा. तनवीर अहमद सम्मानित किए गए।

इनको मिला साहित्य गौरव सम्मान

वर्ष 2015-16 के लिए जहां सैयद अहमद मेहदी को साहित्य गौरव सम्मान दिया गया, वहीं वर्ष 2016-17 के लिए प्रो. अलका पांडेय, डा. महेशचंद्र दिवाकर, डा. भरत राज सिंह, अनिल त्रिपाठी, सैयद सईद मेहदी सरवत माहुली, राम नगीना मौर्य, रमाशंकर सिंह, डा. सुरेंद्र विक्रम, डा. भारतेंदु मिश्र, शीला पांडेय, उमेश राही, गजाधर प्रसाद अवस्थी गौरव, डा. गोपाल कृष्ण शर्मा मृदुल, गिरीश कुमार मिश्र, अरविंद कुमार झा, वीरेंद्र कुमार शर्मा मृदुल, नवीन शुक्ला नवीन, माया अग्रवाल वीणा, डा. सुभाष हुड़दंगी, प्रवीण कुमार शुक्ला गोबर गणेश और रामराज भारती फतेहपुरी भी साहित्य गौरव सम्मान से नवाजे गए।